खबर

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने की मेट्रो कार्यों की समीक्षा

सामना संवाददाता / मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कल कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज अंडरग्राउंड मेट्रो-३ के तहत बन रहे सहार मेट्रो स्टेशन का दौरा कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। यह मेट्रो स्टेशन पैकेज-६ के तहत तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मेट्रो-३ के चल रहे सभी कार्यों का जायजा लिया और इन कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सुझाव भी दिए।

मेट्रो-३ परियोजना का काम तेजी से शुरू है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सहार में मेट्रो के लिए खोदे गए टनल में जाकर कार्यों का जायजा लिया। मुंबई मेट्रो रेल महामंडल के अधिकारी और अभियंताओं ने उन्हें कार्यों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर पर्यावरण व पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे, परिवहन मंत्री एड. अनिल परब, एमएमआरडीए आयुक्त आरए राजीव, मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के व्यवस्थापकीय संचालक रंजीत सिंह देओल, परियोजना संचालक एस के गुप्ता व आर रामनाथ आदि मौजूद थे।

सहार रोड स्टेशन के अंडर ग्राउंड टनल का काम ४८ फीसदी पूरा होने के साथ ही पैकेज-६ का कुल ५९ फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। सहार रोड मेट्रो स्टेशन की लंबाई २१८ मीटर और चौड़ाई ३० मीटर है। मेट्रो मार्ग के ट्रैक का इंटरचेंज हो, इसके लिए सहार रोड से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट स्टेशन तक अंडरग्राउंड सीजर क्रॉसओवर बनाया जाएगा। २६६ मीटर लंबे और १६ मीटर चौड़े इस सीजर क्रॉसओवर का निर्माण कार्य न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग पद्धति से किया जाएगा।